एक नजर में

कन्या पूजन साथ मां शारदा की प्रतिमा स्थापित

सुठालिया 12 अक्टूबर, सं. शारदीय नवरात्रि के द्वितीय दिवस के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सुठालिया में कन्या पाद पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया.इस अवसर पर विद्यालय में मां शारदा की प्रतिमा स्थापित की गई. कार्यक्रम में नौ देवियों के स्वरूप में कन्याओं को सजाया गया तथा विधि-विधान से उनका पूजन किया गया. नगर के वरिष्ठजनों, विद्यालय समिति परिवार के सदस्यों एवं आचार्य दीदियों ने कन्याओं के चरण पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया. इसके पश्चात समस्त कन्याओं को श्रद्धापूर्वक कन्या भोज कराया गया.कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, मातृशक्ति के सम्मान एवं धार्मिक परंपराओं के महत्व को दर्शाया गया. मां शारदा की प्रतिमा स्थापना से विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा. इस आयोजन में समिति परिवार, नगर के वरिष्ठजनों एवं आचार्य दीदियों की सहभागिता रही.

श्री शिवाय सेवा मंडल ने किया नगर कन्या भोज

नरसिंहगढ़ 12 अक्टूबर, सं. श्री शिवाय सेवा मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को डॉक्टर शिवजी चौक पर नगर कन्या भोज का आयोजन किया गया. इस अवसर पर चौक में माता जी की आकर्षक झांकी भी सजाई गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में नजर आया.धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ आयोजित कार्यक्रम में कन्या भोज के माध्यम से कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया. वहीं, डॉक्टर शिवजी चौक पर सजी माता जी की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही. आयोजन के माध्यम से धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ समाज में सेवा, श्रद्धा और समर्पण का संदेश दिया गया. श्री शिवाय सेवा मंडल द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर की धार्मिक परंपरा और आस्था की झलक देखने को मिली.

क्रेटा कार ने मारी बालिका को टक्कर

सारंगपुर 12 अक्टूबर, सं. समीपस्थ गांव जमुनागंज में सोमवार को एक क्रेटा कार ने 10 साल की बालिका को टक्कर मार दी. हादसे में रिया गंभीर रूप से घायल हो गई. जिसको प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर किया गया. कार चालक फरार हो गया. जानकारी के अनुसार घटना जमुनागंज में बंजारा समाज के रूप सिंह महाराज बालाजी मंदिर के बोर्ड स्थापना कार्यक्रम के चल समारोह के दौरान हुई. पाड़ल्या माता की तरफ से आ रही कार ने 10 वर्षिय बालिका रिया पिता ईश्वर सुरावत को टक्कर मार दी. टक्कर लगने से बालिका सड़क पर गिर गई. ग्रामीणों ने कार चालक को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह गाड़ी लेकर भाग गया. परिजन तुरंत घायल रिया को सिविल अस्पताल सारंगपुर ले गए. सारंगपुर में प्राथमिक उपचार के बाद बालिका की गंभीर हालत देखते हुए उसे शाजापुर भेजा गया.

रोशनी से झिलमिला उठा माता के पंडाल



मां बिजासन धाम भेंसवा माताजी स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर बीच तालाब में बना हुआ है. जिसे देखने से लगता है. जैसे कोई जहाज समुद्र किनारे लंगर डाले खड़ा हो. खेड़ापति हनुमान मंदिर के आसपास पानी भरने वा भेंसवा माताजी से खुजनेर रास्ते के लिए बने बायपास से मंदिर का दृश्य मनोरम दिखाई देता है यह और भी सुंदर प्रातः सूर्योदय के समय दिखता है. हनुमान जी का मंदिर प्राचीन समय से तालाब में ही था जिसे ग्रामीणों द्वारा बाद में पुनर्निर्माण के समय मंदिर तक पहुंचने हेतु पुलिया निर्माण किया गया है. जिससे बारिश में यात्री हनुमान जी महाराज के दर्शन सुलभता से कर सकते हैं.

नगर में टंकी कम होने से दूर नहीं हो रहा जलसंकट

ब्यावरा में नगर पालिका ने तीन नई टंकी का प्लान किया लेकिन अभी केवल एक का काम शुरू

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 12 अक्टूबर, का. जलसंकट ग्रस्त नगर के रूप में ब्यावरा शहर की पहचान लंबे समय से बनी हुई है. यह पहचान नगरवासियों को एक कालिख के समान नजर आती है. नगरपालिका को अगर ब्यावरा शहर की इस पहचान को मिटाना है तो उसे जरूरत के मान से पानी की टंकी की तादात बढ़ाना होगी.

नवभारत द्वारा इस विषय पर पिछले अर्से से लगातार यह तथ्य रखने के बाद अंततः नपा को यह समझ में आ गया है कि नगर को अगर जल संकट से मुक्त करना है तो इसके लिये जरूरी है कि ओव्हर हेड टेंक की संख्या बढ़ाई जाए. इसी तारतम्य में नपा ने तीन नई टंकी बनाने का प्रस्ताव गत वर्ष तैयार किया था. हालांकि इनमें से अभी केवल एक का काम शुरू हो पाया है.शेष दो टंकी का निर्माण कार्य शुरू होने के पूर्व की प्रक्रिया जारी है.

नगर के लिये सबसे बढ़े दुर्भाग्य की बात यह है कि पिछले 11 वर्षो से वह खुद के द्वारा निर्मित कराई गई नई टंकी का उपयोग नहीं कर पाई है. यह टंकी अनियमितताएं, लापरवाही, अनदेखी और तमाम दुरावस्था की भेंट चढ़ चुकी है.

गौरतलब है कि टंकी की संख्या कम होने से नपा पेयजल का संग्रहण पर्याप्त मात्रा में नहीं कर पा रही है. संग्रहण के अभाव में वितरण भी समय पर नहीं हो पा रहा है और यहीं कारण है कि बारिश में भी यहां तीन से चार दिन में पेयजल मिलता है. ब्यावरा नगर की आबादी और भौगोलिक विस्तार को देखते हुए नगर को कम से कम चार नई टंकी बनाए जाने की आवश्यकता है. नगरपालिका ने मोहनपुरा पेयजल योजना में तीन नई टंकी बनाना तय किया है. इसमें से एक टंकी का निर्माण कार्य इंद्रा नगर राजगढ़ रोड़ पर शुरू हो गया है. दो नई टंकी बनाने के लिये नपा ने नये स्थल चयन कर लिये है. जल्दी है निर्माण के पूर्व मिट्टी परीक्षण जैसी अनिवार्य तकनीकि रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद इनका निर्माण भी शुरू होने का अनुमान है.

11 सालों में भी पानी की टंकी का उपयोग नहीं...शोपीस बनी



नगरपालिका द्वारा गुलाबशाह की बावड़ी के निकट बनाई गई टंकी का उपयोग लगभग 11 वर्ष बाद भी नहीं हो पाया है. इस टंकी की गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल, टंकी का टेस्टिंग के दौरान भष्ट हो जाने से यह टंकी नागरिकों के लिये जलसंकट में जले पर नमक झिड़कने सा काम कर रही है. नपा ठेकेदार का दावा है कि उक्त टंकी अब उपयोग लायक है लेकिन नपा उसका उपयोग करने का रिस्क लेती नजर नहीं आ रही है. यहीं कारण है कि नपा उसका उपयोग करने से डर रही है. इस टंकी को भरने के लिये नपा ने इंटकवेल भी बना लिया है. बावजूद इसके इसे भरा नहीं जा रहा है. ऐसा लगता है जैसे नगरपालिका खुद इस टंकी का रक्षा करने के बहाने ढूंढ रही है. यहीं कारण है कि इसे भरने के प्रयासों में हीला हवाली चल रही है. इस पूरी उधेड़बुन से आम नागरिकों को जल संकट से जूझने को विवश होना पड़ रहा है.

फिर बनी नई मोहनपुरा पेयजल योजना, 33 करोड़ होंगे खर्च

ब्यावरा नगर को नियमित जलप्रदाय के लिये 12 एमएलडी पानी प्रतिदिन की आवश्यकता है. वर्तमान में कुशलपुरा आदि से हमें 8 एमएलडी पानी मिल रहा है. मोहनपुरा पेयजल योजना से 12 एमएलडी पानी प्रतिदिन मिलने लगेगा तो हम नगर को नियमित पानी देंगे और कुशलपुरा पेयजल से पानी लेना बंद कर देंगे.

रूपेश नेताम उपयंत्री, नपा ब्यावरा

बजट का प्रबंध होगा, योजना समय सीमा में पूरी होगी

हमारा प्रयास है कि हम सबसे पहले तीन प्रस्तावित टंकी का निर्माण पूर्ण करें. जिससे नगरवासियों को पेयजल वितरण व्यवस्था में राहत प्रदान कर सके. योजना को पूरा करने के लिये नपा सक्रिय है.

इकरार अहमद
सीएमओ, ब्यावरा

पानी के नाम पर करोड़ों रूपये पानी में बहाने वाली नगरपालिका ने एक बार फिर एक नई पेयजल योजना बनाई है. इस योजना को राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के माध्यम से सरकार से पास कराया गया है. करीब 33 करोड़ की लागत की इस मोहनपुरा योजना के लिये नपा ने अमृतम जलम योजना के रखे 8 करोड़ रूपये इस पर खर्च करना प्रस्तावित कर दिया है. इसके लिये अलग से कोई राशि शासन ने स्वीकृत नहीं की है लेकिन देर सवेर नपा और शासन-प्रशासन के माध्यम से इस योजना को पूरी कर लिया जायेगा ऐसी उम्मींद जताई जा रही है. इसी योजना में तीन टंकियां प्रस्तावित है. इसमें से एक टंकी इंद्रा नगर में बनना शुरू हो गई है जबकि दो टंकी के लिये नपा ने नवीन स्थल चयन कर लिया है. इनमें से एक मुक्तिधाम के निकट तुलसीनगर और अपना नगर के मध्य बनेगी. दूसरी टंकी नवीन कृषि उपज मंडी के मुख्य द्वार के समीप बनेगी. इन दोनों स्थानों से मिट्टी का सेंपल लिया जाकर इसकी तमाम तकनीकि रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है. रिपोर्ट अनुकूल आते ही यहां भी कार्य शुरू कर दिया जायेगा. वर्तमान में कुशलपुरा और घोड़ा पछाड़ दो पेयजल योजना से पानी मिल रहा है. अगर मोहनपुरा पेयजल योजना से पानी आने में विलंब भी होता है तो नई टंकी का निर्माण जल संकट से राहत दे सकता है.

मोहनपुरा पेयजल योजना को समय सीमा में पूरी कराया जायेगा. इस योजना पर 33 करोड़ रूपये का खर्च प्रस्तावित है. इसमें नई पाईप लाइन और समवेल, फिल्टर प्लांट, तीन टंकी आदि बनना है. पाइप लाइन का कार्य मोहनपुरा डेम के समीप शुरू कर दिया है. इसके लिये आवश्यक इंतेजाम किये जायेंगे.

नारायण सिंह पंवार
राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं विधायक ब्यावरा

नपाके पास नई मोहनपुरा पेयजल योजना के लिये अमृतम जलम योजना के आठ करोड़ रूपये रखे थे उससे टंकी का निर्माण शुरू कर दिया गया है. शेष राशि के लिये नपा भी अपने पास आने वाली राशि का उपयोग कर इसे नगर हित में जल्दी पूरा करने का प्रयास करेगी. वे स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलकर आग्रह कर चुके है. उम्मींद है कि सरकार इसमें मदद कर नगर की समस्या का निदान करेगी.

पवन कुशवाह,
नपाध्यक्ष प्रतिनिधि, ब्यावरा

स्वामित्व योजना : रजिस्ट्री प्रक्रिया का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 12 अक्टूबर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को राजगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम टांडी पहुंचकर स्वामित्व योजना के तहत की जा रही रजिस्ट्रियों की प्रक्रिया का जायजा लिया.

इस दौरान उन्होंने मौके पर चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों से योजना की प्रगति के संबंध में चर्चा की. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी कार्य शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं. उन्होंने कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने, आवश्यक अभिलेखों की जांच करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो तथा संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं. जिला प्रशासन द्वारा स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है.

दशहरा मैदान का निरीक्षण

कुरावर 12 अक्टूबर,सं. दशहरा उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति कार्यकर्ताओं और नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षद एवं सीएमओ ने दशहरा मैदान पहुंचकर सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि विजयदशमी पर 51 फिट की लंबाई का रावण और रामलीला मंच बनाया जाएगा.

भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 12 अक्टूबर, का. जिला मुख्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा जेएनयू छात्राओं के यौन उत्पीड़न आरोपों पर कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोडजम के खिलाफ सोमवार को राजगढ़ में प्रदर्शन किया. और राहुल गांधी का पुतला जलाया गया. पहलें महिलाएं वंदे मातरम भवन में इकट्ठी हुई.भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम सक्सेना के नेतृत्व में रैली निकली निकाली गई. महिलाएं राहुल गांधी का पुतला लेकर खिलचीपुर नाके स्थित शिवाजी चौराहे पर पहुंचीं. और वहा पर पुतले को चप्पलों से पीटा और आग लगाकर जला दिया गया. इस दौरान शर्म करो, राहुल गांधी शर्म करो और प्रियंका वाड्रा मुर्दाबाद के नारे लगाये गये. नीलम सक्सेना ने कहा कि सतयुग में रावण था, कलियुग में कांग्रेस के रूप में है. उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी से सांसद को पार्टी से निकालने और लोकसभा सदस्यता खत्म करने की मांग की. इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही.

गीतों के साथ गरबा कर मां की वंदना में जुटे..

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 12 अक्टूबर, का. नवरात्रि पर मां की अगवानी में गरबा करतीं ब्राह्मण समाज की महिलाएं. रविवार को शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ पर महिलाओं ने फूलों की रंगोली सजाकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की. इसके बाद पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य कर भक्तिभाव के साथ मां की आराधना की.

आरटीई राशि को लेकर धरना, प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 12 अक्टूबर, का. निजी विद्यालयों की समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला राजगढ़ के बैनर तले जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया.

प्रदर्शन में जिलेभर से आए निजी स्कूल संचालकों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मांगों का शीघ्र निराकरण करने की अपील की.

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि निजी विद्यालयों से बार-बार विभिन्न प्रकार की जानकारियां मांगी जा रही हैं, जिससे विद्यालयों के नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं. इसके साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाली प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान लंबित होने से विद्यालय संचालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

जिलेभर के स्कूल संचालकों ने दिखाई एकजुटता - प्रदर्शन में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक प्रणपाल सिंह खींची, जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र उपाध्याय, प्रदेश सचिव राकेश पांडे, कमल आलोक प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष जफर शैफी, धर्मेंद्र पालीवाल, मोहन नागर एवं जिला सचिव ऋषभ नागोरी, लोकेश शर्मा, नरेश लववंशी, सागर सिंह परमार, महेश दांगी, भँवर सोलंकी, श्याम बैरागी गोपाल सेन राजेश परमार, आयुष चौहान, कुलदीप सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी और निजी विद्यालय संचालक उपस्थित रहे. धरना-प्रदर्शन में नरसिंहगढ़, कुरावर, ब्यावरा, सारंगपुर, राजगढ़ एवं खिलचीपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों निजी विद्यालय संचालकों ने सहभागिता की. सभी ने एकजुट होकर विद्यालयों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा ऋक्षश्व की लंबित राशि का भुगतान करने की मांग उठाई.

मंचन श्रीराम वनवास और राजा दशरथ के प्राणांत की लीला ने दर्शकों को किया भाव-विभोर

रामलीला के मार्मिक दृश्यों से भाव-विभोर हुए दर्शक

नवभारत न्यूज

जीरापुर 12 अक्टूबर, सं. नगर के शिव चौक स्थित त्र्यंबकेश्वर महादेव परिसर में श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीरामलीला के छठवें दिन स्थानीय कलाकारों ने भगवान श्रीराम के वनवास और राजा दशरथ के देहावसान की लीला का सजीव मंचन किया.

मार्मिक दृश्यों ने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया. मंचन के दौरान भगवान श्रीराम के वनवास जाने, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के उनके साथ वन गमन तथा पुत्र वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने के प्रसंगों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया.

कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय ने रामायण के इन मार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया.लीला के दौरान राजा दशरथ का पुत्र वियोग और भगवान श्रीराम का पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास स्वीकार करना दर्शकों के लिए भावुक क्षण रहे. राम का वनवास जाना तथा केवट का राम लक्ष्मण सीता को गंगा पार कराने के प्रसंग का चित्रण ऐसा लग रहा था कि मानो साक्षात राम केवट मल्लाह हुबाहु चर्चा कर रहे थे. रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे.

गणेश आरती के साथ रामलीला का शुभारंभ, राम जन्म और ताड़का वध का मंचन

नरसिंहगढ़ 11 अक्टूबर, सं. शहर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ शक्रवार रात हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने भगवान गणेश की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इसके बाद रामचरितमानस की चौपाइयों के बीच राम जन्म और ताड़का वध के प्रसंगों का मंचन किया गया. स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे.

किरदारों से मिली जीवन की सीख

भगवान राम की भूमिका निभा रहे सुमित व्यास के लिए यह किरदार मर्यादा, धैर्य और सत्य को जीवन में उतारने की प्रेरणा है. लक्ष्मण की भूमिका में राजेंद्र सिंह तोमर ने त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को इस चरित्र की प्रमुख सीख बताया. रावण का अभिनय कर रहे दीपेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि यह भूमिका अहंकार के दुष्परिणामों पर आत्मचिंतन का अवसर देती है. वहीं, हनुमान की भूमिका निभा रहे शिरीष उपाध्याय ने विनम्रता, भक्ति और निस्वार्थ सेवा को इस चरित्र का मूल संदेश बताया.